Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to expand National Horticulture Mission in Mahasamund district in Chhattisgarh.

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के कृषि मंत्रालय को निवेदन करना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ का महासमुंद जिला सदैव प्रधान मंत्री जी के आकांक्षी जिले में शामिल है । यहां अनेकों योजनाएँ संचालित हैं और आने वाले समय में और संचालित होनी हैं । अल्प वर्षा, सूखा, जिले की मृदा रेतीली, कठोर भूमि होने के कारण खरीफ की फसल भी ठीक से नहीं हो पाती है । अत: फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए फसल चक्र परिवर्तन की दिशा में उद्यानीकी ही एक महत्वपूर्ण माध्यम है । वर्तमान में राष्ट्रीय बागवानी मिशन छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में क्रियान्वित है और उसकी कार्य योजना बना कर, रोडमैप बना कर भारत सरकार को भेजा जा चुका है ।

मैं आपके माध्यम से निवेदन करता हूं कि महासमुंद जिले को भी राष्ट्रीय बागवानी मिशन से जोड़ा जाए, ताकि यहां फसल का उत्पादन बढ़े । यहां से होने वाला पलायन रुके और यहां का उत्पादन बढ़े ताकि किसान लाभान्वित हो । बहुत-बहुत धन्यवाद ।